# कक्षा 10वीं – हिन्दी,वर्णिका भाग-2 (बिहार बोर्ड)
# #2. ढहते विश्वास (कहानी) - (सातकोड़ी होता)

## लघु उत्तरीय प्रश्न (Subjective Questions)

1. **लक्ष्मी कौन थी और उसका घर कहाँ था? 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी के अनुसार लिखें।** [2023AI]

**उत्तर:** लक्ष्मी 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी की **मुख्य पात्रा** थी। वह एक गरीब महिला थी जिसका पति **लक्ष्मण** कलकत्ता में नौकरी करता था। लक्ष्मी का घर **देवी नदी के बाँध के नीचे** था।

2. **'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी के लेखक का नाम क्या है? इस कहानी में किस राज्य को बाढ़ एवं सुखा से प्रभावित दिखाया गया है?** [2023AII]

**उत्तर:** 'ढहते विश्वास' शीर्षक कहानी के लेखक का नाम **सातकोड़ी होता** है। इस कहानी में **उड़ीसा राज्य** को बाढ़ एवं सूखा से प्रभावित दिखाया गया है।

3. **नदी की बाढ़ का विकराल रूप देखने के बावजूद मनुष्य वहाँ से क्यों नहीं खिसका?** [2021AI]

**उत्तर:** नदी की बाढ़ का विकराल रूप देखने के बावजूद भी सभी मनुष्य वहाँ से इसलिए नहीं खिसके क्योंकि उन्हें पता था कि नदी का बाँध टूट जाने से वहाँ की स्थिति भयावह हो जाएगी और अनेक प्रकार के **जान-माल की क्षति** होगी। लोगों को यह विश्वास था कि वे किसी तरह अपनी संपत्ति की रक्षा कर लेंगे।

4. **लक्ष्मण कहाँ नौकरी करता था?** [2021AII]

**उत्तर:** लक्ष्मण लक्ष्मी का पति है, जो **कलकत्ता** में नौकरी करता था।

5. **लक्ष्मी कौन थी?** [2019AI]

**उत्तर:** लक्ष्मी 'ढहते विश्वास' कहानी की **प्रमुख पात्रा** है। वह एक गरीब महिला है जिसका पति **लक्ष्मण** कलकत्ता में नौकरी करता है। पति द्वारा प्राप्त राशि से घर-गृहस्थी नहीं चलने पर वह **तहसीलदार साहब के घर का काम** कर किसी तरह जीवन-यापन करती है।

6. **लक्ष्मी की पारिवारिक परिस्थिति का वर्णन करें।** [2013A, 2016AII]

**उत्तर:** लक्ष्मी 'ढहते विश्वास' कहानी की प्रमुख पात्रा है। उसका पति **लक्ष्मण कलकत्ता में नौकरी करता है** और उससे प्राप्त राशि से उसका घर-गृहस्थी नहीं चल पाता है। इसलिए वह तहसीलदार साहब के घर का काम कर किसी तरह जीवन-यापन कर लेती है। उसके पूर्वजों द्वारा छोड़ा गया **एक बीघा खेत** है, जिसमें वह किसी तरह खेती करवाती है। उसका जीवन बाढ़ और सूखा जैसी प्राकृतिक आपदाओं के बीच **संघर्षपूर्ण** है।

7. **'ढहते विश्वास' कहानी में आये बाढ़ के दृश्यों का चित्रण प्रस्तुत करें।** [2016AII]

**उत्तर:** कहानी में बाढ़ का दृश्य अत्यंत **भयावह** है। लगातार तीन-चार दिन वर्षा होने के कारण नदी का **बाँध टूट जाता है** और लक्ष्मी के घरों में पानी घुस जाता है। बाढ़ से बचने के लिए लक्ष्मी अपने बच्चे को गोद में लेकर एक **पेड़ के ऊपर चढ़ जाती है** और किसी तरह से अपना प्राण बचा लेती है। बाढ़ की विभीषिका ने उसके जीवन को पूरी तरह खंड-खंड कर जर्जर बना डाला था।

8. **'ढहते विश्वास' कहानी की लक्ष्मी का चरित्र चित्रण करें।** [2015AII]

**उत्तर:** लक्ष्मी कहानी की **प्रमुख पात्रा** और एक **संघर्षशील नारी** है।

- **आर्थिक विपन्नता:** उसका पति लक्ष्मण कलकत्ता में नौकरी करता है, लेकिन उसके पैसे से घर नहीं चलता, इसलिए वह तहसीलदार के घर काम करती है और एक बीघा खेत में खेती भी करवाती है।

- **सहनशीलता और साहस:** उसका जीवन एक तरफ **सूखा** और दूसरी तरफ **बाढ़** की विभीषिका से काँप उठता है, फिर भी वह हार नहीं मानती।
- **ममतामयी:** वह जिस **साहस** के साथ बाढ़ की त्रासद स्थितियों का सामना करती है और अपने बच्चों को बचाने की कोशिश करती है, वह उसके व्यक्तित्व की बड़ी विशेषता है।

9. **'ढहते विश्वास' कहानी के आधार पर प्रमाणित करें कि उड़ीसा का जन-जीवन बाढ़ और सूखा से काफी प्रभावित है?** [2015AI]

**उत्तर:** 'ढहते विश्वास' कहानी के आधार पर यह प्रमाणित होता है कि उड़ीसा का जन-जीवन बाढ़ और सूखा से काफी प्रभावित है।

- **बाढ़ का प्रभाव:** बरसात में बाँध टूटने से उड़ीसा का जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो जाता है, जिससे **जान-माल की भारी क्षति** होती है और परिवार एक-दूसरे से बिछुड़ जाते हैं।
- **सूखा का प्रभाव:** गर्मी के समय वर्षा न होने के कारण **फसल जलकर खत्म हो जाती है**। इस कहानी की मुख्य पात्रा लक्ष्मी का हृदय भी एक तरफ सूखा और दूसरी तरफ लगातार वर्षा की चिंता से काँप उठता है।

10. **'ढहते विश्वास' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार करें।** [2014AI, 2017AI]

**उत्तर:** 'ढहते विश्वास' कहानी का शीर्षक **पूर्णतः सार्थक** है।

- गाँव के लोगों का भरोसा और **आस्था माँ चंडेश्वरी** और बाँध पर था कि वे विपत्ति से उनकी रक्षा करेंगे।
- जब **बाढ़** आती है, बाँध टूट जाता है और जन-जीवन तबाह हो जाता है, तब लोगों का यह विश्वास **टूट जाता है**। उन्हें लगता है कि प्रकृति के आगे वे असहाय हैं और आस्था भी टूट रही है।

- अतः कहानी का नाम 'ढहते विश्वास' रखना पूरी तरह से कहानी के **मूल भाव** को व्यक्त करता है।

11. **लक्ष्मी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालें।** [2012A]

**उत्तर:** लक्ष्मी का नारी-व्यक्तित्व काफी **संवेदनशील** है और **संघर्ष** उसके जीवन का अभिन्न अंग है।

- वह एक **साहसी** महिला है जो बाढ़ की त्रासद स्थितियों का सामना करती है और हार नहीं मानती।
- बाढ़ की विभीषिका ने उसके व्यक्तित्व को जर्जर बना डाला, परन्तु वह **न तो हार मानती है और न अपने हौसले को छोड़ती है।**
- आर्थिक विपन्नता में भी वह अकेली उठकर खड़ी होती है और अपने बच्चों को पालती है। किसी भी संकट में हार न मानना-लक्ष्मी के चरित्र की बड़ी विशेषता है।

12. **लक्ष्मी कौन थी? उसके पति का क्या नाम था?** [2022AII]

**उत्तर:** लक्ष्मी 'ढहते विश्वास' कहानी की **प्रमुख पात्रा** है। उसके पति का नाम **लक्ष्मण** है। लक्ष्मण कलकत्ता (आज का कोलकाता) में नौकरी करता है। लक्ष्मी पति द्वारा प्राप्त राशि से घर-गृहस्थी नहीं चलने पर **तहसीलदार साहब के घर का काम** कर किसी तरह जीवन-यापन कर लेती है।

13. **बाढ़ आने के पहले लक्ष्मी ने क्या किया?** [2025AII]

**उत्तर:** बाढ़ आने की संभावना को देखते हुए सतर्क लक्ष्मी ने निम्न तैयारी की:

- उसने एक बोरे में **थोड़ा-सा चिवड़ा, दो काँसे के बर्तन और अंगोछा** भरकर रख लिया।
- उसने गाय और बछड़े के गले से **पगहा (रस्सी) खोल दिया।**
- दोनों बकरियों को भी एक कमरे में **खुला छोड़ दिया।**
- घर की सारी चीजें एक कमरे में इकट्ठा करके **ताला लगा दिया।**